संख्या–3ए–2–वे०पु०–03/2025–............................................................/वि०

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

# संकल्प

**पटना, दिनांकः–...................**

**विषयः– बिहार अमीन संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए वेतन संरचना की स्वीकृति के संबंध में।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अधिसूचना संख्या–531, दिनांक–01/08/2025 के द्वारा **"बिहार अमीन संवर्ग नियमावली, 2025"** अधिसूचित किया गया है। उक्त नियमावली के द्वारा बिहार अमीन संवर्ग के अन्तर्गत मूलकोटि सहित तीन–स्तरीय पदसोपान विहित किया गया है, जो निम्नवत् हैः–

| क्र०सं० | पदनाम | कोटि/पदसोपान | प्रास्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | अमीन | मूलकोटि | अराजपत्रित |
| 2 | अमीन ग्रेड–I | प्रथम प्रोन्नति स्तर | अराजपत्रित |
| 3 | प्रधान अमीन | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | अराजपत्रित |

2. दिनांक–01/01/2016 के प्रभाव से उक्त संवर्ग के मूलकोटीय पद के लिए वेतनस्तर–3 स्वीकृत है। पूर्व से उक्त संवर्ग के प्रोन्नति सोपान विहित नहीं रहने के कारण प्रोन्नति सोपानों का वेतन संरचना स्वीकृत नहीं किया जा सका है।

3. अतः सम्यक् विचारोपरान्त बिहार अमीन संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए निम्नवत् वेतन संरचना की स्वीकृति दी जाती हैः–

| क्र०सं० | पदनाम | कोटि/पदसोपान | वेतनस्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | अमीन ग्रेड–I | प्रथम प्रोन्नति स्तर | Level-4 |
| 2 | प्रधान अमीन | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | Level-5 |

4. उक्त वेतन संरचना संकल्प निर्गत की तिथि से प्रभावी होगा।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

**बिहार राज्यपाल के आदेश से।**

**ह0/–**

**(रचना पाटिल)**
सचिव (व्यय)।

LF 2025\Sankalp\Amin.\anil

ज्ञापांकः–3ए–2–वे०पु०–03 / 2025–________ / वि०                    पटना, दिनांकः–____________

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)।

ज्ञापांकः–3ए–2–वे०पु०–03 / 2025–________ / वि०                    पटना, दिनांकः–____________

**प्रतिलिपिः**–माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / सभी आरक्षी अधीक्षक / सभी कोषागार पदाधिकारी / सभी जिला लेखा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)।

ज्ञापांकः–3ए–2–वे०पु०–03 / 2025–________ / वि०                    पटना, दिनांकः–____________

**प्रतिलिपिः**–**महानिबंधक**, उच्च न्यायालय, पटना / **सचिव**, बिहार विधान सभा / **सचिव**, बिहार विधान परिषद्, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)।

ज्ञापांकः–3ए–2–वे०पु०–03 / 2025–9537 / वि०                    पटना, दिनांकः–04-09-2025

**प्रतिलिपिः**–**प्रभारी पदाधिकारी**, वित्त वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग / **अवर सचिव**, वेतन निर्धारण शाखा, वित्त विभाग / **सिस्टम एनालिस्ट** (बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.9.25
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय)।